## एक नजर में

### काउंसलिंग के जरिए होगी पदों की भर्ती

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के आदेशानुसार समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत टीकमगढ़ जिले में जनपद शिक्षा केन्द्र में विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक एवं जनशिक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति काउंसलिंग से प्रतिनियुक्ति के माध्यम से की जाना है।**

पद हेतु उच्च श्रेणी शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक उच्च पद प्रभार में कार्यरत सहित एक जनवरी 2025 को आयु 52 वर्ष से अधिक नहीं हो, संबंधित के विरूद्ध कोई विभागीय जांच, आपराधिक प्रकरण एवं लम्बे समय से लगातार अनुपस्थिति की शिकायत प्रचलित नहीं हो। उपरोक्तानुसार निर्धारित अर्हताधारी लोकसेवक काउंसलिंग में सम्मिलित होने हेतु सहमति सह जानकारी निर्धारित प्रारूप में 21 जुलाई तक जिला शिक्षा केन्द्र में जमा कर सकते हैं।निर्धारित प्रारूप एवं रिक्तियों का विवरण विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जनपद शिक्षा केन्द्र में विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक एवं जनशिक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति की जाना है।

# मछुआ समिति की दबंगई से ग्रामीण त्रस्त

**तालाब में जाली लगने से लोगों के घरों में भरा पानी**

**पानी भरने से गिर गया गरीब का आशियाना**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ। भगवान अतिवृष्टि के चलते इस मौसम में गरीबों की खूब परीक्षा ले रहे है। गरीबों के हालात कुछ इस कदर है कि न तो बह पेट भर भोजन कर पा रहे है और ना ही उन्हें शासन की योजनाओं का धरातल पर लाभ मिल पा रहा है। यह मामला मुख्याल से महज 13 किलोमीटर स्थित रिगौरा गांव से बरसात के मौसम में निकलकर सामने आया है। इस गांव में आदिवासी मछुआ समिति की दबंगई से अधिकांश ग्रामीण परेशान बने हुए है। पीड़ित ग्रामीणों ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय से रिगौरा गांव का संबंधित अधिकारियों से मौका मुआयना करा कर समिति पर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।**

दरअसल रिगौरा गांव के तालाब में आदिवासी मछुआ समिति के सदस्यों द्वारा तालाब में मछलियों का बीज डाला गया था। जिससे तालाब में मछलियां अपना सही आकर ले सके और समिति इन मछलियों से मुनाफा कमा सके। लेकिन बीते कई दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण तालाब के जलस्तर में बढ़ोतरी देखी गई है। जिससे समिति के सदस्यों द्वारा तालाब के निकास द्वारा पर जाली लगा दी गई है। जाली लग जाने से अब उसमें पल रहीं मछलियां बाहर न निकल पाएगी। मगर जाली लगाने से समिति को भले ही फायदा होगा मगर ग्रामीण परेशान नजर आ रहे है।

ग्रामीणों ने बताया कि ओवरफ्लो हुए तालाब का पानी गांव में भर गया है। ग्रामीणों ने समिति पर आरोप लगाए है कि तालाब पर लगाई गई जाली से उसके किनारे बसे रिगौरा गांव के करीब 10 से अधिक घरों और कई खेतों में जलभराव की स्थिति बन चुकी है। जिससे ग्रामीणों का जन जीवन प्रभावित हुआ है। ग्राम की महिला रेखा ने बताया कि समिति के सदस्यों द्वारा तालाब पर जाली लगाई गई है। जिससे उसके घर में पानी भर जाने के कारण उसका मकान गिर चुका है।

### समिति के पास वैध पट्टा व लीज ना होने का लगाया आरोप

ग्रामीणों ने बताया कि तालाब किनारे स्थित खेतों में कुछ ही दिनों पहले मूंगफली और उड़द की फसल की बोवनी की गई थी, जो जलभराव से पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। ग्रामीणों का आदिवासी मछुआ समिति के सदस्यों पर आरोप है कि समिति के सदस्यों ने जबरन तालाब पर जाली लगा दी है। ग्रामीणों के मना करने के बाद समिति के सदस्य अपनी मनमानी पर आमदा बने हुए है। इतना ही नही सदस्य ग्रामीणों से विवाद करने पर भी उतारु हो जाते है। ग्रामीणों की माने तो समिति के पास कोई तालाब का कोई बैध पटटा व लीज नही है।

# बुलेरो से 72 लीटर अवैध शराब बरामद




**नवभारत न्यूज टीकमगढ। पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में इन दिनों 30 जुलाई तक नशामुक्ति अभियान जिले के सभी पुलिस थाना एवं चौकियों में चलाया जा रहा है जिसकी शुरूआत बीते रोज मंगलवार 15 जुलाई से हुई थी। जिसके चलते बल्देवगढ़ पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। ग्राम गुखराई में ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने कार्यवाही की। जिसमें एक बुलेरो वाहन से 72 लीटर अवैध शराब बरामद की गई।**

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में की गई इस कार्यवाही में 8 पेटी देसी मदिरा 400 क्वार्टर जब्त की गई। बरामद शराब की कीमत 28.000 रुपए है। वाहन की कीमत 6 लाख रुपये आंकी गई है। एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि पुलिस को देखकर वाहन चालक मौके से फरार हो गया। गवाहों ने फरार आरोपी की पहचान छोटू सिंह बुंदेला के रूप में की है। वह वर्मा डांग थाना दिगोड़ा का रहने वाला है। थाना बल्देवगढ़ में आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की तहत मामला दर्ज किया गया है। यह कार्यवाही थाना प्रभारी प्रीति भार्गव के नेतृत्व में की गई।

# लोगों को मिली वॉटर स्पोर्ट्स की सौगात




**नवभारत न्यूज टीकमगढ। जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के अथक प्रयास के चलते शहर के लोगों को अब वॉटर स्पोर्ट्स की सौगात मिली गई है। गौरतलब है कि महेंद्र सागर तालाब में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वॉटर स्पोर्ट्स की शुरुआत हो चुकी है। झांसी की एक कंपनी ने तालाब में चार बोट लगा दी हैं।**

इनमें 12 सीटर 8 सीटर बोट के साथ वॉटर बाइक भी शामिल हैं। पर्यटकों को निर्धारित शुल्क पर इन सुविधाओं का आनंद लेने की अनुमति रहेगी। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने क्षेत्र के पर्यटन विकास के लिए यह पहल की थी जिसके फलस्वरूप शहर के लोगों को अब वॉटर स्पोर्ट्स की सौगात मिली गई है। पिछले सप्ताह उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर वॉटर स्पोर्ट्स की कार्य योजना तैयार की थी। तालाब के आसपास का क्षेत्र भी व्यवस्थित किया जा रहा है। वर्तमान में तालाब पूरी तरह से जलमग्न है। अब शहर के युवाओं को वॉटर स्पोर्ट्स की सुविधा मिलेगी। जिले में इस वर्ष 1 जून से 16 जुलाई तक 32.9 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# ग्रामीण क्षेत्रों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रशासन गांव की ओर योजना अंतर्गत नोडल अधिकारियों द्वारा अलग-अलग ग्राम पंचायतों में पहुंचकर आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। साथ ही समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आबंटित की गई ग्राम पंचायतों में भ्रमण किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों की प्रगति रिपोर्ट जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत की।**

भ्रमण के दौरान नोडल अधिकारियों द्वारा एमडीएम का निरीक्षण, स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति, ग्राम पंचायतों में सचिव,जीआरएस तथा नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी की उपस्थिति, मौसमी बीमारियों की आशंका, गाँव में टीकाकरण, आशा की उपस्थिति, जर्जर भवनों की जानकारी विशेषकर शासकीय स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन या अन्य शासकीय भवन इत्यादि, 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड की प्रगति, 50 एवं 100 दिवस से अधिक की सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की जानकारी, पीडीएस का निरीक्षण, जलभराव की जानकारी, शुद्ध पेयजल की स्थिति, खुले बोरवेल की जानकारी ली गई तथा रिपोर्ट तैयार प्रस्तुत की गई।

# विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ को दिया प्रशिक्षण



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार आयोग द्वारा बूथ लेवल आफीसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसीक्रम में आयोग के निदशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन तथा डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी एसडीएम टीकमगढ़ एसके तोमर के मार्गदर्शन में स्थानीय उत्सव भवन में 14 से 16 जुलाई तक विधानसभा क्षेत्र स्तर पर बीएलओ का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।**

मास्टर ट्रेनर द्वारा पीपीटी के माध्यम से बूथ लेवल ऑफिसर्स एवं सुपरवाईजरों को प्रषिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान निर्वाचक नामावली को त्रुटि रहित बनाने हेतु बीएलओ के क्षमता विकास हेतु मास्टर ट्रेनर द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बीएलओ तथा सुपरवाईजरों की समस्याओं का समाधान भी किया। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र टीकमगढ़ निर्वाचन कार्यालय के संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार आयोग द्वारा बूथ लेवल आफीसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### बिजली के बिल मार रहे करंट

**नवभारत न्यूज हरपालपुर। नगर में लगाए गए स्मार्ट मीटर से बढ़ी हुई राशि के विल आने से लोगों का दिन का चैन रातों की नींद हराम हो रही है।अब लोग यह कहते दिखाई दे रहे है कि स्मार्ट मीटर की रीडिंग के बिजली विल भारी भरकम आने के कारण करंट मार रहे है।**

उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध करते हुए कहा कि नए मीटर से बिजली का दोगुना बढ़ा हुआ विल आ रहा है । उपभोक्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि मीटर रीडर होने के बावजूद रीडिंग न लेने से मनमानी राशि के विल मैसेज भेजकर राशि वसूली जा रही है जो गरीबों के साथ अन्याय है। उपभोक्ताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्रियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। नगर में लगाए गए स्मार्ट मीटर से आम जन मानस परेशान दिख रहा है।

# तहसीलदार ने शासकीय जमीन से हटवाया अतिक्रमण



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बड़ागांव तहसील की ग्राम पंचायत दरगुवां में बुधवार को प्रशासन ने सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही को अंजाम दिया है। उक्त कार्यवाही जबलपुर हाईकोर्ट के निर्देश पर की गई।**

तहसीलदार पलक जैन के नेतृत्व में राजस्व अमला और पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। कार्यवाही के दौरान दो अवैध मकानों को जमींदोज किया गया। इससे पहले जब राजस्व अमला अतिक्रमण हटाने गया था, तब अतिक्रमणकारियों की दबंगई के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा था। यह मामला न्यायालय कलेक्टर टीकमगढ़ से जुड़ा है। इसके साथ ही उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर याचिका के तहत कार्यवाही की गई। राजस्व प्रकरण के आदेश के अनुसार शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया गया ।पहले भी प्रशासन ने थाना प्रभारी बड़ागांव धसान और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ को पुलिस बल उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखे थे। पुलिस बल नहीं मिलने के कारण कार्यवाही नहीं हो पाई थी।

इस देरी के कारण उच्च न्यायालय जबलपुर में प्रकरण दर्ज किया गया था। बड़ागांव तहसील की ग्राम पंचायत दरगुवां में बुधवार को प्रशासन ने सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही को अंजाम दिया है। उक्त कार्यवाही जबलपुर हाईकोर्ट के निर्देश पर की गई। अतिक्रमण की कार्यवाही की प्रशासनिक अमले के अलावा भारी संख्या में पुलिस बल को इसकी जिम्मेदारी सौपी गई थी।

# विश्व जनसंख्या स्थिरता अभियान पखवाड़ा संपन्न

**11 अगस्त को होगा पखवाड़ा का समापन**

**परिवार कल्याण साधन सेवाओं की दी जानकारी**



**नवभारत न्यूज टीकमगढ। शासनादेश के परिपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शोभाराम रोशन के कुशल मार्गदर्शन में मिशन परिवार विकास पखवाड़ा अंतर्गत विश्व जनसंख्या स्थिरता अभियान पखवाड़ा 11 जुलाई से 11 अगस्त तक संचालित किया जा रहा है। इसीक्रम में स्थानीय होटल में मिशन परिवार विकास पखवाड़ा अंतर्गत एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई।**

इस अवसर पर सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सीडीपीओ महिला बाल विकास विभाग विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक विकासखंड कम्युनिटी मोबीलाईजर एपीएम आदि को डीएचओ द्वितीय डॉ. केएम वरूण ने आवश्यक जानकारी देते हुए निर्देशित किया गया कि प्रत्येक ग्राम आरोग्य केंद्र मे परिवार विकास सम्मेलन आयोजित कर सभी लक्ष्य दंपत्ति को आमंत्रित कर परिवार कल्याण साधन, सेवाओं की जानकारी दें, इसके लिऐ कार्य योजना बनाकर काम करे। प्रत्येक आरोग्य केंद्र मे परिवार कल्याण साधन क्पेचसंल ठवंतक लगाना है। प्रत्येक ग्राम मे चिन्हित स्थानों मे नारे लेखन करवायें। अभियान अंतर्गत होने वाले प्रसव केस को पीपीआईयूसीडी के लिऐ प्रोत्साहित करने के लिए बताया गया। अंतरा इंजेक्शन के लिऐ चिन्हित लक्ष्य दंपत्ति से ग्रह भेट करें। दम्पतियों को परिवार नियोजन की आवश्यकता अनुसार गर्भ निरोधक साधन जैसे कंडोम,छाया,माला एन, पीपीआयुसीडी, आदि उपलब्ध करायें। नसबंदी योग्य लक्ष्य दंपत्ति से ग्रह भेट कर नसबंदी के लिए प्रोत्साहित करें आपरेशन करवायें। नसबंदी पश्चात फलोअप, और प्रमाण पत्र कब दिया जाना है के बारे में बताया गया। नसबंदी फेलियर प्रकरण मिलने पर पुरी प्रक्रिया कि जानकारी दी गई। डॉ.वरूण जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि दस्तक अभियान 22 जुलाई से 16 सितम्बर तक संचालित होने जा रहा है। इसके अंतर्गत जिला स्तरीय बैठक, प्रशिक्षण दिया गया। ग्राम स्तर पर संयुक्त टीम सीएचओ, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र पर 0-5 बर्ष तक के बच्चों की स्क्रीनिंग की जाकर विटामिन ए की खुराक ओआरएस का वितरण किया जा रहा है।

**सम्मान** | झांसी के मत्स्य महाविद्यायल में हुआ सम्मान समारोह

# प्रगतिशील मत्स्य पालक को मिला राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान



**नवभारत न्यूज टीकमगढ। मध्य प्रदेश बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए टीकमगढ़ गौरव का क्षण है, क्योंकि इस जिले के प्रगतिशील मत्स्य पालक और उद्यमी प्रमोद कुशवाहा को हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड एनएफडीबी हैदराबाद द्वारा वित्त पोषित रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के मत्स्य महाविद्यालय दतिया द्वारा आयोजित 25वें राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस समारोह और बुंदेलखंड क्षेत्र में मत्स्य पालन वर्तमान स्थिति संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर हितधारकों की बैठक के दौरान प्रदान किया गया। यह सम्मान मत्स्य पालन के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान समर्पण और नवाचारी कर्यो को मान्यता देता है, जो बुंदेलखंड जैसे जल-संकटग्रस्त क्षेत्र में बढ़ते महत्व को रेखांकित करता है।**

प्रमोद कुशवाहा विगत वर्ष से कृषि विज्ञान केंद्र केवीके टीकमगढ़ के निरंतर संपर्क में थे और केंद्र के मात्स्यिकी वैज्ञानिक डॉ. सतेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में कार्य कर रहे थे। केवीके टीकमगढ़ ने ही प्रमोद कुशवाहा के नाम का प्रस्ताव राष्ट्रीय सम्मान के लिए भेजा था। केवीके टीकमगढ़ के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बीएस किरार ने इस अवसर पर कहा, यह हमारे लिए और पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि प्रमोद कुशवाहा जैसे समर्पित किसान को राष्ट्रीय मंच पर पहचान मिली है।

उनका अथक परिश्रम और आधुनिक तकनीकों को अपनाने की उनकी ललक, अन्य किसानों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत है। केवीके टीकमगढ़ में हम उनके साथ काम करके प्रसन्न हैं और उनकी सफलता हमारे मार्गदर्शन की प्रभावशीलता को दर्शाती है। मध्य प्रदेश बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए टीकमगढ़ गौरव का क्षण है, क्योंकि इस जिले के प्रगतिशील मत्स्य पालक और उद्यमी प्रमोद कुशवाहा को हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है।

### वैज्ञानिकों ने उपलब्धि मिलने पर की सराहना

केवीके टीकमगढ़ के अन्य वैज्ञानिकों डॉ. आरके प्रजापति, डॉ. यूएस धाकड़, डॉ. सतेंद्र कुमार, डॉ. एसके जाटव, और जयपाल छिगारहा ने भी प्रमोद कुशवाहा को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं।उन्होंने आशा व्यक्त की कि उनकी सफलता बुंदेलखंड में अधिक से अधिक किसानों को आधुनिक मत्स्य पालन अपनाने और अपनी आजीविका को सुरक्षित करने के लिए प्रेरित करेगी।प्रमोद कुशवाहा की इस उपलब्धि पर उनके कार्य की सराहना की गई।

### अब तक 834.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। एक जून से 15 जुलाई तक जिले में 834.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एक जून से अभी तक जिले के वर्षामापी केन्द्र टीकमगढ़ द्वारा 1133 मिलीमीटर, बड़ागांव धसान में 573, बल्देवगढ़ में 785, खरगापुर में 800, जतारा में 611, मोहनगढ़ में 941, लिधौरा में 759 और वर्षामापी केन्द्र पलेरा में 1071 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।**

जिले में बीते 24 घंटे में अब तक 5.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान टीकमगढ़ में 14 मिलीमीटर, बड़ागांव धसान में 8, बल्देवगढ़ में 3, खरगापुर में 11, जतारा में 0, मोहनगढ़ में 1, लिधौरा में 0 तथा वर्षामापी केन्द्र पलेरा में 10 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# आवारा गौवंश से यातायात प्रभावित



**नवभारत न्यूज हरपालपुर। स्टेट हाईवे 76 पर आवारा गौवंश के सडको पर विचरण करने से दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है साथ ही यातायात प्रभावित हुआ है।**

उल्लेखनीय होगा सरकार हर वर्ष करोडो रुपये अनुदान के रुप में गौशालाओ और गौवंश पर खर्च करती है, परंतु जिम्मेदार गौशाला और गौवंश के लिए मिलने वाली राशि को खर्च न कर ठिकाने लगा रहे है। जिससे आज भी गौशालाएं खाली पडी हुई है। इसके अलावा गौशालाएं उपेक्षा के बीच जर्जर हालत में है। जबकि हकीकत यह है कि आज भी पेट की आग शांत करने आवारा गौवंश सड़को पर डेरा डाले दिखाई देते है।

लोगों ने संबधित महकमें से आवश्यक कार्यवाही की मांग करते हुए गौवंश के लिए मिलने वाले अनुदान व गौशालाओ की हकीक़त से पर्दा उठाए जाने की मांग की है । स्टेट हाईवे 76 पर आवारा गौवंश के सडको पर विचरण करने से दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है साथ ही यातायात प्रभावित हुआ है।